
## जगह-जगह विराजे भगवान गणेश


नैला शुक्ला निवास में विराजे भगवान गणेश।


महावीर मोहल्ला गोधना में स्थापित श्री गणेश।


मिलन चौक गोधना में विराजे सिध्दीविनायक।


भाठापारा गोधना में पधारे लंबोदर महाराज।


शेरा चौक गोधना में स्थापित गजानन महाराज।

### कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई करने दिए निर्देश

# नई रेल परियोजना के लिए जिले के 28 गांवों में होगा भूमि का अधिग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की खरसिया-नया रायपुर,परमलकसा 5वीं एवं 6वीं लाइन (278 किलोमीटर) के निर्माण हेतु आवश्यक भूमि अधिग्रहण से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में आयोजित की गईं। इसके साथ ही उन्होंने पीडब्ल्यूडी, आरईएस, हाउसिंग बोर्ड, जल संसाधन, पीएमजीएसबाय, एनएएचआई सहित विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की और भूअर्जन की प्रगति, लंबित मामलों, आपत्तियों तथा प्रभावित भूमि के मुआवजे से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में एडीएम ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ठाकुर, सभी एसडीएम सहित बैठक में उप मुख्य अभियंता निर्माण बिलासपुर रेलवे, मुख्य परियोजना प्रबंधक, मध्य निर्माण बिलासपुर के अधिकारी, राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, सेतु विभाग, जल संसाधन विभाग तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग, हाउसिंग बोर्ड, राजस्व विभाग जांजगीर-चांपा के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा प्रस्तावित नई रेलवे लाइन के संभावित अभिसरण क्षेत्र में आने वाले ग्रामों की भूमि की खरीदी-बिक्री शासन के निर्देशानुसार भू-अर्जन की कंडिकाओ का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि रेलवे की प्रस्तावित परियोजना के अंतर्गत जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़, बम्हनीडीह, शिवरीनारायण और पामगढ़ तहसील के कुल 28 गांव अधिग्रहण क्षेत्र में आएंगे। इन गांवों में करनौद, तिवारीपारा, देवरी, लोहर्सी, खोरसी, हदहा, तनौद, कमरीद, कोढाभाट, भुइगांव, चुरतेला, खरखौद, खैराडीह, शुक्लाभाठा, ससहा, पेंड्री, बरगांव, किरीत, खैरताल, खपराडीह, तेंदुआ, तुलसी, गंगाजल, कटौद, कुरयारी, बेल्हा, कपिस्दा और कनकपुर शामिल हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में ग्राम खरौद एवं गोविंदा की जमीन की खरीद-बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया गया था, लेकिन अब प्रस्तावित अभिसरण (अलाइनमेंट) में इन दोनों ग्रामों को सम्मिलित नहीं किया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि चूंकि ग्राम खरौद और गोविंदा रेलवे परियोजना की वर्तमान सीमा में नहीं आते हैं, इसलिए यहां की भूमि की खरीदी-बिक्री पर कोई प्रतिबंध लागू नहीं होगा। गांव में जमीन की खरीदी-बिक्री की जा सकती है। कलेक्टर ने कहा कि रेलवे की राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं में विलंब न हो, इसके लिए समयबद्ध कार्रवाई की जाए। संबंधित राजस्व अधिकारियों को भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही नियमानुसार करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री महोबे ने रेलवे अंडरब्रिज एवं ओवरब्रिज के अधिकारियों को विस्तृत प्रगति की जानकारी के साथ अगली बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पीडब्ल्यूडी और एनएच से संबंधित भू-अर्जन मामलों की जानकारी पृथक रूप से संकलित कर शीघ्र प्रस्तुत की जाए, ताकि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज गति से पूरी हो सके। कलेक्टर श्री महोबे ने इस दौरान भूमि अधिग्रहण से जुड़े प्रस्तावों, आपत्तियों तथा प्रभावित भूमि की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने राजस्व निरीक्षक, पटवारियों को भूअर्जन के मामलों में गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# जल जीवन मिशन के कार्य में लापरवाही, कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही थीं। कहीं पाइप लाइन की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे थे तो कहीं समय पर कार्य पूरा न होने पर ग्रामीणों के परेशान होने की शिकायतें सामने आ रही थी। इस मामले को लेकर सांसद ने संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है।


सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा समिति) की बैठक में इस मुद्दे पर बड़ा निर्णय लिया गया। बैठक में सांसद जांगड़े ने पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है कि केंद्र की महत्वपूर्ण योजना जिसमें हर घर पानी पहुंचना है उसमें इतनी लापरवाही की 2 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी जिले के किसी भी गांव में पूर्णतः पानी क्यों नहीं पहुंचा है जब की ठेका कार्य पीएचई विभाग द्वारा पूर्ण बताया जा रहा है और साथ ही सकती नगर पालिका के अधीन चल रही 120 करोड़ की जल आवर्धन योजना मिरौनी से सकती, जैजैपुर, सरगांव तक बिछाई जाने वाली पाइपलाइन की लगातार शिकायत सक्ती के पार्षदों व स्थानीय भाजपा नेताओं की शिकायत के बावजूद सीएमओ सक्ती श्री पांडे द्वारा निर्माण एजेंसी पर लगातार भुगतान किए जाने तथा अभी सक्ती तक पानी आया ही नहीं और नगर पालिका सकती द्वारा निर्माण एजेंसी को लगातार भुगतान करते हुए 80 प्रतिशत से अधिक का भुगतान कर दिया है, इस पर समिति के सदस्यों तथा सांसद प्रतिनिधि संजय रामचंद्र ने आक्रोश जाहिर करते हुए नगर पालिका सक्ती के कार्य प्रणाली पर संदेह व्यक्त किया और भुगतान पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सक्ती में पानी आया ही नहीं तो लगभग 95 करोड़ रुपए का भुगतान कैसे किया गया। नगर पालिका सक्ती के मुख्य नगर पालिका अधिकारी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए संसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। दिशा जिला समिति के सदस्य सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं कलेक्टर श्री टोपनो ने जल आवर्धन के भुगतान पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े चेतावनी दी कि अब अनियमितता और लापरवाही होने पर किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# 66 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**नवागढ़।** अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करने वाले आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किय है। आरोपी के कब्जे से 66.50 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कोजब्त किया गया हे, जब्त शराब की कीमत 11210 रुपए बताई जारही है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्ग दर्शन में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर आरोपी चंद्रशेखर सिंह निवासी भैंसदा के कब्जे से 66 लीटर 50 एमएल अवैध कच्ची महुआ बरामद कर आरोपी के विरुद्ध थाना नवागढ़ अपराध क्रमांक 375/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी नवागढ़, सहायक उप निरीक्षक संतोष केरकेट्टा आरक्षक हेमंत साहू, राजू कश्यप, अमन राजपूत एवम थाना स्टाफ का सराहनिय योगदान रहा।

# तीन गांवों में लगा नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों की मिली राहत



**सक्ती।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कडारी में 100 के वी , जोंगरा में 100 केवी एवं नगरदा में १६ के वी का ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री डॉ खिलावन साहू को सरपंच बी एल यादव, अरुण साहू, हिरासाय साहू, कमल साहू, कलश पटेल, नवरतन पटेल व ग्रामवासियों ने जैसे ही फोन एवं संपर्क करके नए ट्रांसफार्मर की मांग की, तुरन्त ही डॉ खिलावन साहू ने संबंधित अधिकारियों से बात कर नए ट्रांसफार्मर लगवाए। नए ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। विधायक नहीं होने के बावजूद भी डॉ साहू क्षेत्र में हमेशा सक्रिय रहते हैं और जहां भी ट्रांसफार्मर की जरूरत होती है, संबंधित अधिकारियों से तत्काल बातकर विद्युत व्यवस्था या नए ट्रांसफार्मर लगवाते हैं। ग्राम वासियों ने डॉ साहू की तत्परता एवं सक्रियता के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

# सेवानिवृत्त होने पर सहायक प्राध्यापक को दी गई विदाई

**जांजगीर-चांपा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट जांजगीर में पदस्थ सहायक प्राध्यापक एम आर चन्द्रा एवं पूमा शाला डाइट जांजगीर की प्रधान अध्यापिका श्रीमती चेतना राठौर के 31 अगस्त को 62 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर संस्थान में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य बी पी साहू एवं उप प्राचार्य एल के पाण्डेय ने शाल श्री फल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य ने श्री चन्द्रा को विज्ञान विषय का विद्वान शिक्षक बताया और उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। श्रीमती चेतना राठौर के 42 वर्ष की निर्विवाद सेवा की सराहना करते हुए उन्हें कर्तव्य निष्ठ शिक्षक बताया। उप प्राचार्य ने श्रीमती राठौर के पीपीओ जारी होने का प्रमाण पत्र देते हुए सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की । दोनों शिक्षकों के लिए प्रस्तित पत्र का वाचन वरिष्ठ व्याख्याता सुशील कुमार राठौर द्वारा किया गया। एम आर चन्द्रा ने सभी उपस्थित छात्रों को अपने शिक्षकीय जीवन के विज्ञान विषय के कई प्रयोगों के बारे में विस्तार से बताया, चेतना राठौर ने सफलता के लिए हमेशा सकारात्मक दृष्टिकोण रखने की बात कही । इस अवसर पर सेवानिवृत्त व्याख्याता पी के शर्मा के साथ ही डाइट के गोपेश साहू, के एम जायसवाल, नेहरु लाल प्रधान, प्रतिमा साहू, कल्याणी बोस, बी जायसवाल, शैलेंद्र देवी सिंह, मिली सिंह के साथ ही लता पकवासा, दिव्या यादव, गीतेशवरी साहू, महेन्द्र राठौर प्रधान पाठक ने दोनों को दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता संजय कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।




प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकगण।

# शिक्षकों को नई पाठ्यपुस्तकों के अनुरूप पढ़ाने दिया गया पांच दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

एससीईआरटी रायपुर एवं डाइट जांजगीर के निर्देशानुसार कक्षा छठवीं की नवीन पाठ्यपुस्तक पर आधारित विषय हिंदी (मल्हार) का पांच दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी भवन में सम्पन्न हुआ।

■ शिक्षा प्रणाली को अधिक और समग्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

प्रशिक्षण का समापन बीईओ रत्ना थवाईत , अकादमिक विकासखण्ड प्रभारी प्रतिमा साहू, शिक्षिका ममता जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ । बीआरसी हिरेंद्र बेहार ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण की गतिविधियों , आवश्यकताओ एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अकादमिक प्रभारी प्रतिमा साहू ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को नई पाठ्यपुस्तकों के अनुरूप पढ़ाने और बच्चों के भाषाई और समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए तैयार करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को पूरा करने और नई हिंदी पाठ्यपुस्तक मल्हार के माध्यम से छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण अनुभव प्रदान करने के लिए सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण प्रयास है । नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय शिक्षा प्रणाली को अधिक और समग्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है । यह नीति विद्यार्थियों में आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता, समस्या समाधान एवं जीवनोपयोगी कौशल के विकास पर केंद्रित है। मास्टर ट्रेनर रेवती रमन दुबे, लक्ष्मी प्रसाद देवांगन, कमलेश गुप्ता ने नवीन पाठ्यपुस्तको के अनुरूप शिक्षण पद्धति का प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर अरुण कश्यप, नारायण प्रसाद साहू , उमेश दुबे ,लखन कश्यप , राजेश कश्यप , पीताम्बर कश्यप उपस्थित थे ।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

आम सूचना को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रमोद कुमार पिता गणेश मनहर जाति सतनामी निवासी देवरीमठ तहसील हसौद जिला सक्ती (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने पिताजी गणेश मनहर के मृत्यु दिनांक 10/02/2004 स्थान देवरीमठ पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पंचनामा, शपथ पत्र सहित पेश किया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 08/09/2025 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 20/08/2025 को इस न्यायालय की सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**हसौद**
**जिला सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार जैजैपुर**
**जिला सक्ती (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.202508310800008 / ब-121 / 2024-25
साकिन-दतौद

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गेंदूराम आदित्य पिता स्व. फादलराम आदित्य साकिन दतौद तहसील जैजैपुर, जिला सक्ती (छ.ग.) ने अपने पिता स्व. फादलराम की मृत्यु दिनांक 10/03/2025 के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय की पेशी दिनांक 18/09/2025 के पूर्व अपनी दावा/ आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**जैजैपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

# पांच दिवसीय आवासीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर

**हसौद।** गायत्री चेतना केंद्र चंद्रपुर में पांच दिवसीय आवासीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। मां गायत्री के आशीर्वाद एवं गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा की प्रेरणा एवं छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा जोन के शांतिकुंज प्रभारी सुखदेव निर्मलकर, छत्तीसगढ़ जोन प्रभारी आदर्श वर्मा दीदी, एवं उप जोन समन्वयक दानेश्वर शर्मा के निर्देशन से मां चंद्रहासिनी की नगरी (गायत्री चेतना केंद्र) चंद्रपुर में माता की जन्म शताब्दी एवं 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हसौद जो कि 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक आयोजित है के प्रचार प्रसार के लिए कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में शांतिकुंज से आए प्रशिक्षक टोली के द्वारा प्रशिक्षण करायी गई। प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को प्रज्ञा गीत, डफली वादन, संभाषण, कर्मकांड, एवं विभिन्न संस्कार का प्रशिक्षण दिया गया। शांतिकुंज से आए प्रशिक्षक टोली के प्रमुख व्योमेश देशमुख, गोरा प्रसाद साहू, एवं मनीष साहू रहे। प्रशिक्षण पश्चात सभी शिविरार्थियों को 251 कुंडिय गायत्री महायज्ञ संचालन समिति की ओर से प्रमाण पत्र वितरण की गई। एवं शिविर की सारी व्यवस्था 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हसौद संचालन समिति द्वारा की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री चेतना केंद्र चंद्रपुर 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हसौद एवं यज्ञ संचालन समिति के अलावा गायत्री चेतना केंद्र चंद्रपुर के प्रमुख ट्रष्टि राम अवतार अग्रवाल, निर्मल सिन्हा, डॉ कैलाश साहू, चेतना केंद्र व्यवस्थापक भोग सिंह सिदार, जिला समन्वयक भगत राम साहू, रामचरण सिदार, डॉ रामकुमार देवांगन, नगर पंचायत चंद्रपुर के अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन, चंद्रपुर के पूर्व सरपंच संतराम यादव, गिरधर साहू,कृष्णा जायसवाल, जितेंद्र साहू, गणेश राम जायसवाल, विमला साहू केदारनाथ डनसेना, देवेंद्र नायक , महेश साहू,गायत्री चेतना केंद्र के डिलेश्वर बरेठ एवं आसपास के गायत्री परिजनों का सहयोग सराहनीय रहा।



प्रशिक्षण शिविर में जानकारी देते प्रशिक्षक।


# TOP IN JANJGIR

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जिले में 55 बिस्तरों का
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीब के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क

मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इन्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थायरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 6 सितंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

2 नया रेल परियोजना के लिए जिले के 28 गांवों में होगा भूमि का अधिग्रहण



## खबर संक्षेप

### अनंत चौदस आज, गणेश प्रतिमाओं का होगा विसर्जन

**जांजगीर-चांपा।** भाद्रपद में शुक्लपक्ष की चतुर्दशी तिथि को अनन्त चतुर्दशी कहा जाता है। इसे अनन्त चौदस भी कहा जाता है। अनन्त चतुर्दशी के दिन भगवान विष्णु, माता यमुना, और शेषनाग की पुजा की जाती है। पुजाकर अन्नत सूत्र बांधने की परम्परा है इस सूत्र में भगवान विष्णुजी का वास होता है। अन्नत सुत्र में 14 गाठें होनी चाहिए इन 14 गाठों को 14 लोकों से जोड़कर देखा जाता है। इसी दिवस भगवान गणेशजी का विर्सजन किया जाता है। पं किरण कुमार मिश्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुजारी जांजगीर ने बताया कि गणेशजी का विर्सजन शुभ मुहूर्त प्रातः .-7:36 बजे से 9:10 बजे तक, अपराहन मुहूर्त - 12:19 बजे से 5:02 बजे तक व शाम 6:37 से 8:02 बजे तक व रात के समय 9:28 से 1:45 बजे तक 7 सितम्बर उषाकाल मुहूर्त- 4:36 बजे से 6:02 बजे तक चतुर्दशी तिथि प्रारंभ 6 सितम्बर 3:12 ए एम बजे से चतुर्दशी तिथि समाप्त 7 सितम्बर को 1:41 ए एम बजे तक गणपती का हवन पुजन 6 सितम्बर को 11:21 बजे तक करना चाहिए। पंचक आरंभ 6 सितम्बर शनिवार को 11:21 से पंचक समाप्त 10 सितम्बर बुधवार 4:03 बजे तक , चन्द्रग्रहण , पंचक होने के कारण 6 सितम्बर 11:21 सुबह के समय गणपती हवन पूजन कर समय पुर्व गणपती का विर्सजन कर देना चाहिए। इसके बाद पितृदेव पितृरों का आगमन 7 सितम्बर से प्रारंभ हो जाएगा।

### जिले में मातृ एवं शिशु अस्पताल की नहीं बन पाई समुचित व्यवस्था

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा जिले का गठन हुए 27 साल से अधिक का समय व्यतीत हो चुका है, लेकिन आज भी गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं के लिए अलग से अस्पताल की व्यवस्था आज पर्यंत नहीं बन पाई है जिसके कारण आज भी शिशु एवं गर्भवती महिलाओं का सरकारी अस्पतालों के जनरल वार्डो में ही उपचार करने की समस्या बनी हुई है। जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में प्रतिदिन एक अनुमान के अनुसार 400 से अधिक मरीज उपचार करने के लिए पहुंचते हैं। इनमें छोटे-छोटे शिशु एवं गर्भवती महिलाएं भी शामिल रहती हैं जिनका उपचार किया जाना जरूरी रहता है लेकिन दोनों के लिए अलग से अस्पताल की व्यवस्था जांजगीर जिले में नहीं बन पाई है, ऐसे में मजबूरन सामान्य वार्ड में ही उनका उपचार एवं जरूरत के अनुसार सुरक्षित प्रसव कराना भी बड़ी चुनौती बनी हुई है।

### पीडीएस के लिए 15 तक खाद्य शाखा में होगा जमा

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत खाद्य अधिकारी जांजगीर द्वारा नगर पालिका जांजगीर-नैला के वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 में नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान के आबंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। 15 सितम्बर तक कलेक्टर कार्यालय खाद्य शाखा में आवेदन किया जा सकता है।

### शिक्षक दिवस के अवसर पर स्मृति सम्मान समारोह कल

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के आचार्य चाणक्य सभागार में 5 सितंबर शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर बिर्रा अंचल के वरिष्ठों का रविवार 7 सितंबर को दोपहर 1 से स्मृति सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। स्मृति सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गगन जयपुरिया उपाध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर चांपा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गोपी सिंह ठाकुर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जिला सक्ती उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य मोहन कुमारी साहू करेंगी। उक्ताशय की जानकारी शिक्षक बुद्धेश्वर कश्यप बिर्रा ने दी।

# शिक्षक दिवस पर अविभाजित जिले के 4 शिक्षकों को मिला राज्यपाल पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

## राजधानी में महामहिम के हाथों हुए सम्मानित



शिक्षक दिवस के अवसर पर अविभाजित जांजगीर चांपा जिले के 4 शिक्षकों को राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रदेश की राजधानी रायपुर में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल रमेन डेका ने यह पुरस्कार प्रदान किया। इस दौरान जांजगीर चांपा जिले के दो और सक्ती जिले के दो शिक्षकों को सम्मान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के साथ वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि हर साल शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्कृष्ठ शिक्षकों को राज्यपाल पुरस्कार दिया जाता है। इसी कड़ी में शुक्रवार 5 सितंबर को राजधानी रायपुर में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में जांजगीर चांपा और सक्ती जिले के दो-दो शिक्षकों को महामहिम के हाथों सम्मानित किया गया। इनमें जांजगीर चांपा जिले के चोरिया हायर सेकेण्डरी स्कूल में पदस्थ व्याख्याता अमृत लाल साहू, मुलमुला हाईस्कूल में पदस्थ व्याख्याता प्रतीक्षा सिंह को राज्यपाल के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार सक्ती जिले के अंतर्गत डभरा ब्लाक के मीडिल स्कूल पेण्डरूवा में पदस्थ प्रधान पाठक श्रीमती नीरा साहू एवं सक्ती ब्लाक के मीडिल स्कूल नंदौरकला में पदस्थ सहायक शिक्षक संजीव सूर्यवंशी को शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल के द्वारा राजधानी रायपुर में सम्मानित किया गया।

### मधुलिका को मिला राज्यपाल के हाथों सम्मान



**बम्हनीडीह।** ग्राम बिर्रा निवासी एवं मनरेगा शाखा बम्हनीडीह में तकनीकी सहायक के पद पर पदस्थ मनोज दुबे की धर्मपत्नी मधुलिका दुबे को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु राज्यपाल सम्मान से नवाजा गया। मधुलिका दुबे वर्तमान में कोरबा जिले के शासकीय माध्यमिक शाला जमनीपाली में शिक्षिका के पद पर पदस्थ हैं। विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों के विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए उनके योगदान को देखते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया है। शुक्रवार 5 सितंबर को रायपुर स्थित राजभवन में आयोजित शिक्षक दिवस कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल रमेन डेका ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।

## पुलिस के साथ प्रशासनिक अमला अलर्ट, कराई गई मुनादी

# बांगो के 8 गेट खुले, पाटो-पाट बह रही हसदेव, तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा


हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



चांपा एनीकट में पाटो पाट बह रहा पानी।

ऊपरी क्षेत्रों मे लगातार बारिश से लबालब हुए बांगो बांध के 8 गेट खोले गए है। डेम से लगातार 30 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। ऐसे में हसदेव नदी का जल स्तर बढ़ गया है। जांजगीर चांपा जिले में हसदेव नदी पाटो पाट बह रही है। ऐसे में तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। एहतियात के तौर पर पुलिस एवं प्रशासनिक अमला अलर्ट हो गया है और तटीय इलाकों में मुनादी कराने के साथ सुरक्षा को लेकर भी पूरी टीम मुस्तैद हो गई है।

गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से ऊपरी क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही है। वहीं हसदेव बांगो बांध भी लबालब हो गया है। बांध मे क्षमता से अधिक पानी होने पर पिछले दिनों 4 गेट खोले गए थे। इसके बाद स्थिति को देखकर गुरूवार 4 सितंबर को बांगो के 8 गेट खोले गए है। जिसमें से 30 हजार क्यूसेक पानी हसदेव पानी में छोड़ा जा रहा है। ऐसे में हसदेव नदी के जल स्तर में भारी बढोतरी हुई है। जांजगीर चांपा जिले में हसदेव नदी की धार पाटो पाट बहने लगी है। चांपा में हसदेव नदी पर बना एनीकट डूब गया है और इस मार्ग पर आवागमन अवरूद्ध हो गया है। यहां नदी का जल स्तर एनीकट से तकरीबन 3 फीट ऊपर चल रहा है। वहीं इस इलाके में केराझरिया, डोंगाघाट तक पानी पहुंचने लगा है। ऐसे में यदि नदी में और पानी छोड़ा जाता है तो यहां बाढ़ की संभावना और भी बढ जाएगी। इसी तरह चांपा के आगे हसदेव नदी के दोनों ओर बिर्रा देवरी संगम तट तक नदी का जल स्तर बढ़ते क्रम में है और दोनों ओर के तटीय इलाकों के गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। ऐसी स्थिति को देखते हुए प्रशासन के



साथ पुलिस की पूरी टीम और जिला सेनानी का अमला भी अलर्ट मोड़ पर है। स्थानीय प्रशासन द्वारा तटीय इलाकों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क रहने कहा गया है। इसके अलावा बाढ़ नियंत्रण और बचाव दल की टीम भी नदी के बढ़ते जल स्तर पर नजर रखी हुई है।

# 98 हजार की उठाईगिरी मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम फरहदा की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



पुलिस गिरफ्त में उठाईगिरी के आरोपी।

बाइक की डिक्की में रखे 98 हजार रुपए उठाईगिरी मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार ि कया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम फरहदा का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 3 ि सतंबर को करीबन 12.30 बजे प्रार्थी डोल नारायण पटेल निवासी फरहदा थाना अकलतरा द्वारा जिला सहकारी बैंक अकलतरा से 1 लाख रुपए निकवाने के बाद थैले में नगदी रकम पैसा को अपने मोटर सायकल के डिक्की में रखकर घर जा रहा था। रस्ते में अकलतरा कपड़ा दुकान में उसके द्वारा 2 हजार की कपड़ा खरीदी की। वहां से करीबन 3 बजे दोपहर अकलतरा अग्रवाल किराना स्टोर पहुंचा जैसे ही सामान खरीद रहा था तो उसे याद आया कि मोटर सायकल के डिक्कीन में 98 हजार रुपए गया था तो तुरंत जाकर डिक्की को खोलकर देखा तो थैला सहित पैसा, पासबुक, चेक बुक व अन्य दस्तावेज रखा था जो नही था जिसके द्वारा आसपास पता किया जिसका कोई पता नहीं चला कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटर सायकल की डिक्की से चोरी कर ले गया जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 303 (2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। उसायबर टीम द्वारा तत्काल घटना स्थल पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया अकलतरा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक किया गया। थाना अकलतरा और सायबर सेल की टीम के द्वारा 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद टेक्निकल एनालिसिस के बाद आरोपियों की पहचान अनूपपुर मध्यप्रदेश निवाशी ओमप्रकाश और सुमित सिसोदिया के रूप हुई तो आरोपियों के पहचान होने के बाद टीम को अनूपपुर रवाना किया गया था। साइबर टीम नट गिरोह के गढ़ ग्राम भोलगड़ में दबिश देकर दोनों आरोपियों को पकड़ा फिर पूछताछ करने पर चोरी किए गए रकम 98 हजार में से 92 हजार रुपए बरामद किए गए एवं घटना में प्रयुक्त यूनिकॉर्न बाइक बरामद किया जाकर जप्त किया गया है। जल्द ही मामले में अन्य खुलासा होने की संभावना है।

## कचहरी चौक का राजा...



**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर में विराजित कचहरी चौक का राजा गणेश पंडाल इन दिनों आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। यहां भक्तों की भारी भीड़ पहुंच रही है। बीती रात्रि पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल आरती में शामिल हुए।

# दो अज्ञात लोगों ने चैन स्नैचिंग की वारदात को दिया अंजाम, लुटेरे फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



शहर के बीचो बीच एक महिला से दो अज्ञात लोगों ने चैन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देकर अपनी बाइक से फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती शहर के व्यस्तम इलाके वार्ड क्रमांक- 15 में शुक्रवार 5 सितंबर की शाम मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात लोगों ने सुभाष चंद्र गर्ग की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज देवी गर्ग के गले से दो तोले सोने की करीब 2 लाख 30 हजार रुपए कीमत की चेन को लूट कर ले गए तथा श्रीमती सरोज देवी गर्ग शुक्रवार की शाम अपने घर से शिव मंदिर जाने केलिए अपनी पोती मायरा के साथ निकली थी तथा घर से निकलकर कुछ दूर ही गोयल ऑटो के पीछे पहुंची वहां पहले से ताक लगाकर बैठे दो मोटरसाइकिल सवारों ने चेन छीनी और भाग निकले। मोटरसाइकिल सवार इतनी तेज गति से भाग निकले। वहीं घटना की सूचना शक्ति पुलिस को दी गई। जिस पर थाना प्रभारी लखन पटेल सटल बलघटनास्थल पर पहुंच गए एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने खोजबीन जारी कर दी है। कंचनपुर में जिंदल वर्ल्ड स्कूल के ठीक सामने कुछ महीनो पूर्व शहर की श्रीमती मधु अग्रवाल के गले से भी अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने सोने की चेन छीनी थी तथा आज तक मामले का खुलासा नहीं हो पाया।

## एक दूसरे से गले मिलकर दी मुबारकबाद, आम लंगर का आयोजन

# पैगम्बर मोहम्मद के साला जश्ने विलादत पर निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



ईद मिलादुन्नबी त्यौहार में शामिल विधायक तथा समाज के लोग।

नगर के मुसलमान समाज के लोगों द्वारा पैगम्बर मोहम्मद साहब के 1500 वें साला जश्ने विलादत पुरनूर मौके पर आयोजित पैदल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान एक दूसरे से गले लगकर बधाई दी।

शुक्रवार 5 सितम्बर को कौमी एकता बनाए रखने के लिए हर वर्ष की भांति नगर के शारदा चौक जांजगीर में जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार के संयोजकत्व में जांजगीर-चांपा के विधायक व्यास कश्यप के विशेष उपस्थित भव्य स्वागत कर एक दूसरे को बधाई देते हुए चाय बिस्कुट का स्वल्पाहार कराया गया। कार्यक्रम में विवेक सिसोदिया, देव कुमार पांडे ,अशोक सोनवानी, लच्छी लदेर, नरेश पैगवार, भूषण कारके, विजय गढेवाल, जाननी मास्टर,कमलेश ताम्रकार लव डोंगरे, राहुल कारके , देवा यादव , लक्की सूर्यवंशी, विक्की यादव सहित समाज से मौलाना शराफत अली, रफीक सिद्धकी , पप्पू खान, डॉ अतीक सिद्धकी, अब्दुल कलाम, तय्यूब मोहम्मद, गुलाम मंसूरी, मोहसिन खान, बाबा खान, पार्षद अरमान खान,स्लिप कुरैशी, सईद खान, अतिक कुरैशी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### हर्षोल्लास से मनाया गया ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार



**अकलतरा।** मुस्लिम समाज के द्वारा नगर में ईद मिलादुन्नबी बड़ी धूम धाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर जामा मस्जिद में 4 सितम्बर को रात्रि 9 बजे हाजी शब्बीर अहमद नूरी बिलासपुर ने अपना प्रवचन किया और रात में हाजी मुनाफ मेमन की तरफ से भंडारे का आयोजन किया गया। 5 सितंबर को सुबह 8 बजे मुस्लिम समाज के द्वारा जुलूस निकाला गया जो जामा मस्जिद से निकल कर बजरंग चौक, शास्त्री चौक, आजाद चौक, पुरानी बस्ती ,सोनार गली,शास्त्री चौक, सब्जी मंडी ,रेल्वे स्टेशन मार्ग ,मस्जिद मोहल्ला होते हुये, वापस मस्जिद में जुलूस का समापन किया गया। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों का मेहमान यूनिटी एवं हार्डवेयर के द्वारा आजाद चौक में चाय नाश्ता से स्वागत किया गया फिर बाद नमाज़े जुम्मा आम लंगर भंडारे का आयोजन हाजी मुस्ताक मेमन की ओर से किया गया। जुल्फेकार कमेटी के सदस्यों ने मटन मार्केट के सामने जुलूसका स्वागत किया वही वार्ड नम्बर 7 के पार्षद माधुरी देवी पालीवाल व पालीवाल परिवार ने जुलूस में आने वाले सभी बच्चे बूढ़े नव जवानों को फूल माला पहना कर स्वागत सत्कार किया।

# 20 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा



20 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला मालखरौदा थाना अंतर्गत ग्राम चारपारा का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 4 ि सतंबर को ग्राम चारपारा में आरोपी रामकुमार जोशी के द्वारा अवैध कच्ची मऊहा शराब को बिक्री की जाती है। पुलिस ने उक्त आरोपी के घर जाकर दबिश दी। जहाँ पर आरोपी के कब्जे 20 लीटर अवैध कच्ची माऊहा शराब कीमती 2 हजार रुपये का मिला जिसे गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया । आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से आरोपी को 4 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक अनवर अली थाना प्रभारी मालखरौदा के मार्गदर्शन में सहायक उप निरीक्षक नाजिर हुसैन, प्रधान आरक्षक दामोदर जयसवाल, आरक्षक शत्रुघ्न जांगड़े, विनोद रात्रे, महिला आरक्षक गीतांजलि चंद्रा का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### सीनियर व अंडर 23 क्रिकेट खिलाड़ियों का सिलेक्शन ट्रायल कल



**जांजगीर-चांपा।** अंतरजिला क्रिकेट मैचो के लिए प्रतियोगिता का आयोजन अक्टूबर माह से संभावित है। इसी तारतम्य में जिला क्रिकेट एसोसिएशन जांजगीर चांपा द्वारा अंडर 23, एवं सीनियर वर्ग क्रिकेट का ट्रायल हाईस्कूल मैदान जांजगीर में 7 सितंबर सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगा। मैदान में ट्रायल के लिए खिलाड़ियों को पंजीयन कराना आवश्यक है, जिसके लिए खिलाड़ी अपना क्रिकेट कीट, नवीनतम फोटोग्राफ, जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, उत्तीर्ण सभी कक्षा के स्कूल प्रमाणपत्र की छायाप्रति के साथ सभी मूल प्रमाणपत्र भी लाना अनिवार्य होगा पूर्व में पंजीकृत खिलाड़ियों को नवीनीकरण कराना होगा। पूर्व में आयोजित अंडर 14 एवं अंडर 19 वर्ग के खिलाड़ियों का सिलेक्शन ट्रायल हाई स्कूल मैदान जांजगीर में डिप्टीकलेक्टर सुब्रत प्रधान प्रभारी जिला खेल अधिकारी एवं छग स्टेट क्रिकेट संघ के आव्जर्वर आलोक श्रीवास्तव की उपस्थिती में सम्पन्न हुआ। बालक अंडर 14 व 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को इस सिलेक्शन ट्रायल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने हेतु अवसर प्रदान किया गया। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित ट्रायल में खिलाड़ियो ने प्रदर्शन किया मैदान में उपस्थित चयनकर्ताओं के द्वारा जिन पैंतालीस खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है उसके आधार पर तीन टीम बनाई है,परस्पर आपस में टीमों के बीच मैच आयोजित कर अंतिम खिलाड़ियो का चयन अच्छे प्रदर्शन को आधार बनाकर जिले की सोलह खिलाड़ियों की टीम बनाई जाएगी। मैदान में चयनकर्ता के रूप में वरिष्ठ खिलाड़ी विवेक सिंह सिसोदिया, सत्यनारायण सोनी, राजेश राठौर,आशु पाण्डेय, योगेन्द्र तिवारी, कृष्णा रात्रे,विकास सिह उपस्थित होकर खिलाड़ियों की योग्यतानुसार गेंदबाजी, बल्लेबाजी, फिटनेस का अवलोकन कर रहे थे।

### सुंदरलाल विवि में अब 15 अक्टूबर तक ले सकेंगे प्रवेश

**बलौदा।** पंडित सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर में प्रवेश सत्र जून जुलाई 2025-26 में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा छात्र हित में 15 अक्टूबर तक कर दिया गया है। अध्ययन केंद्र शासकीय महाविद्यालय बलौदा के सहायक पंकज गौरहा ने बताया कि विश्वविद्यालय में बीए ,बीकॉम, बी बी ए, एमएससी गणित कंप्यूटर साइंस ,पी जी डी सी ए डी सी ए , एम ए संस्कृत ,अंग्रेजी हिंदी ,समाज ,राजनीति, छत्तीसगढ़ी एम ए शिक्षा एस व एमएसडब्ल्यू बीलिब, एम लीब,आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। इच्छुक छात्र छात्राएं कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### जवाहरलाल नेहरू कॉलेज में पूर्व विद्यार्थी सम्मान समारोह 11 को

**नवागढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के रजत जयंती पर तथा पं. जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय, नवागढ़ के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर महाविद्यालय द्वारा आगामी 11 सितंबर को भूतपूर्व विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी एक साथ मिलकर पुराने सुनहरे पलों को साझा करेंगे तथा संस्थान व अध्ययनरत विद्यार्थियों के प्रगति पर अपने सुझाव व अनुभव प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय और इसके पूर्व विद्यार्थियों के बीच संबंधों को और सुदृढ़ बनाना है। भूतपूर्व विद्यार्थियों का अनुभव वर्तमान विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन का कार्य करेगा।सभी पूर्व छात्र जिन तक यह सूचना पहुंचती है वे 9981348927 पर मिस कॉल करके पंजीयन लिंक प्राप्त करें और 11 सितंबर को सुबह 11 बजे महाविद्यालय में अवश्य उपस्थित होकर पुराने दिनों की याद ताजा करें। यह जानकारी प्राचार्य शर्मा के निर्देशन में पूर्व छात्र समन्वयक प्रीति देवांगन ने प्रदान की।

### आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल में मनाया गया नेत्रदान पखवाड़ा



**मालखरौदा।** स्वामी आत्मानन्द हायर सेकण्डरी स्कूल में में नेत्र दान पखवाड़ा मनाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ्य अधिकारी डॉ पूजा अग्रवाल एवं मालखरोदा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ मृत्युनजय राठौर और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर थानेश्वर पटेल के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मा नन्द हायर सेकंड्री स्कूल में नेत्र परिक्षण कर नेत्र दान पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान नेत्र सहायक अधिकारी सुरेश मनहर और राजेंद्र लहरे के द्वारा बताया गया की हमारे देश में बहुत से ऐसे है जिसके रोशनी नेत्र दान करने से वापस लायी जा सक्ति है जिसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर सरकार द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम नेत्र दान पखवाड़ा मनाया जाता है। इस कार्यक्रम का उदेश्य लोगों में नेत्र दान को बढ़ावा देना और नेत्र दान के लिए लोगो को प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान नेत्र दान की प्रक्रिया को नेत्र सहायक अधिकारी के द्वारा बताया गया इसके लिए घोषणा पत्र भरना अनिवार्य नहीं ही मृत्यु के पश्चात रिस्तेदार नेत्रदान करवा सकते है और मृतक के इच्छा पूरी की जा सक्ति है। कार्यक्रम के दौरान 150 बच्चों का नेत्र जांच किया गया, जिसमे 6 बच्चों में दृष्टि दोष पाया गया, वहीं 2 बच्चे आई फ्लू और 4 बच्चे को ड्राई आई का लक्षण पाया गया।

शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण कार्यक्रम का आयोजन, उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को किया गया सम्मानित

# डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर गुरुजनों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारत रत्न, पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार 5 सितंबर को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन ऑडिटोरियम जांजगीर में किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति पत्र, शाल-श्रीफल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विधायक ब्यास कश्यप, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल,पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, जिला पंचायत सदस्य सुश्री आशा साव, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, आनंद मिरी, प्रदीप शर्मा सहित जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षक, अधिकारी-कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। शिक्षक दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जांजगीर चांपा ब्यास कश्यप ने कहा कि हमारी सनातन परंपरा में गुरु का स्थान सदा सर्वोच्च रहा है। चाहे सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर या कलियुग – हर युग में गुरु के मार्गदर्शन से ही समाज, शिक्षा, राजनीति और शासन की दिशा तय हुई है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि शिक्षक दीपक की तरह हैं, जो अंधकार से संघर्ष करते हुए अंत तक प्रकाश देते हैं।



उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक को सम्मानित करते अतिथि।

पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र की नींव हैं। गुरु का मार्गदर्शन ही हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े ने कहा कि शिक्षक समाज की सच्ची धरोहर हैं। एक शिक्षक ही बच्चों के भविष्य को आकार देकर राष्ट्र निर्माण का कार्य करता है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था कि शिक्षा ही राष्ट्र की सच्ची शक्ति है। आप सभी शिक्षक समाज और देश की नींव हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति सभापति गगन जयपुरिया ने कहा कि आज हम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस मना रहे हैं। उनका मानना था कि यदि जीवन को किसी को समर्पित करना है, तो वह केवल शिक्षक को होना चाहिए। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन शिक्षा को समर्पित रहा और शिक्षक दिवस हमें शिक्षा की महत्ता का स्मरण कराता है। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान

भारत रत्न,पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर मनाए गए शिक्षक दिवस के अवसर पर ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2025 एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। ज्ञानदीप जिला स्तरीय सम्मान 3 शिक्षकों को प्रदान किया गया। शिक्षा दूत सम्मान 15 शिक्षकों को मिला। उत्कृष्ट प्रधान पाठक सम्मान 10 शिक्षकों को दिया गया, जिनमें प्राइमरी और मिडिल स्कूल के शिक्षक शामिल रहे। सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान शैक्षणिक सत्र 2024-25 में सेवानिवृत्त हुए 158 सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं व्याख्याताओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने वाले 13 प्राचार्य को विशेष सम्मान मिला। महत्वपूर्ण प्रश्नों की तैयारी में योगदान देने वाले प्रोफेशनल लर्निंग कमेटी के 69 शिक्षकों को मंच पर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। जीवन रक्षा सड़क सुरक्षा के तहत आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मान किया गया। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने सभी सम्मानित शिक्षकों को शाल-श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और प्रोत्साहन राशि देकर उनके योगदान की सराहना की। इस दौरान जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएँ और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम में अकलतरा विकासखंड से छह शिक्षक हुए सम्मानित



**अकलतरा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा जांजगीर के ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना अंतर्गत जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सांसद कमला देवी पाटले ,पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल, पूर्व विधायक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्य लता आनंद प्रकाश मिरी,उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया के द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला किरारी की शिक्षिका उपासना शर्मा को ज्ञानदीप पुरस्कार, शासकीय नवीन प्राथमिक शाला बरभाठा नरियरा के सहायक शिक्षक जिवेन्द्र कुमार चौहान, शासकीय प्राथमिक शाला खपरीडीह की सहायक शिक्षिका श्रीमती रश्मि दुबे ,शासकीय प्राथमिक शाला कल्याणपुर की सहायक शिक्षिका श्रीमती बिंदु लता अघरिया को शिक्षादुत पुरस्कार, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अमोरा के प्रधान पाठक जयंत सिंह क्षत्रिय को उत्कृष्ट प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक एवं शासकीय प्राथमिक शाला तिलई के प्रधान पाठक हेमसिंह राज को उत्कृष्ट प्रधान पाठक प्राथमिक शाला सम्मान से सम्मानित किया गया। अकलतरा विकासखंड के 6 शिक्षकों को जिला स्तरीय कार्यक्रम में पुरस्कृत किए जाने पर अकलतरा बीईओ देवकांत द्विवेदी, एबीईओ श्रीमती रत्नमाला सिंह श्रीमती , श्रीमती स्वाति राठौर एवं बीआरसी शैलेंद्र सिंह बैस के द्वारा उन्हें बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

### आईसेक्ट कंप्यूटर सेंटर में मनाया गया शिक्षक दिवस



**सक्ती।** जिले की अग्रणी कम्प्यूटर शिक्षा के क्षेत्र मे संचालित आई सेक्ट कंप्यूटर सेंटर सक्ती में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं प्रथम उपराष्ट्रपति शिक्षाविद, विद्वान डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छात्राओ को उद्बोधन देते संचालक राम नरेश यादव ने कहा शिक्षक वह होता है जो अपने शिष्यों को अंधकार से प्रकाश की ओर रास्ता दिखाते है सबसे पहले गुरु माता-पिता होती है उसके बाद जो शिक्षा देते है वह शिक्षक हमेशा अपने शिष्यों को अच्छे मार्ग पर चलने की शिक्षा देती है। इस मौके पर कैक काटकर बडे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सीमा देवांगन, अजय पटेल, महिमा आस्था, विजय ,खिलेश्वर ,प्रीति, दुर्गेश्वरी,मोनिका, संजय आदि उपस्थित थे।

## प्रतिबंधित भारी वाहनों के आवागमन से लटिया कोटमीसोनार मार्ग जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- क्षेत्रवासी प्रतिदिन हो रहे दुर्घटना का शिकार,प्रशासन मौन

अकलतरा से लटिया, कल्याणपुर की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत बनी सड़कों की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है।पीएमजीएसव्हाय की बनी सड़क पर अधिकतम 12 टन क्षमता वाहन चलना है लेकिन इस मार्ग पर 30 से 40 टन भारी वाहनों के आवाजाही के कारण सड़कें पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं। इन सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों को न केवल परेशानी हो रही है, बल्कि आए दिन दुर्घटनाओं का भी शिकार होना पड़ रहा है। जनपद सदस्य ईश्वर साहू ने इस विषय में कलेक्टर व अनुविभागीय अधिकारी को शिकायत भी सौंपी है, परंतु अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ईश्वर साहू ने बताया कि प्रतिबंधित भारी वाहनों के आवागमन एवं आए दिन हो रही दुर्घटना की सूचना प्रशासन को दिए जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने सेऐसा लगता है कि प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बाइक सवार इन गड्ढों में गिरकर घायल हो चुके हैं।क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि भारी वाहनों की आवाजाही पर तत्काल नियंत्रण लगाया जाएक्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत शीघ्र करवाई जाए।बारिश के मौसम में जलनिकासी की उचित व्यवस्था की जाए।यदि प्रशासन ने शीघ्र ध्यान नहीं दिया, तो जन आक्रोश भड़क सकता है और लोग आंदोलन को मजबूर हो सकते हैं।



जर्जर सड़क व उसमें भरा पानी।

### विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर प्रदर्शन करने पर शैक्षिक समन्वयक सम्मानित

**बिर्रा ।** शासकीय डीडीएस बिर्रा संकुल केंद्र के शैक्षिक समन्वयक लखन लाल कश्यप शिक्षक व्याख्याता को उत्कृष्ट सीएससी के लिए शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बीआरसी भवन बम्हनीडीह में तिलक लगाकर एवं पुष्पहार से स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि शैक्षिक समन्वयक लखन लाल कश्यप विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोनादह में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ है। विकासखंड बम्हनीडीह में उत्कृष्ट सीएससी के लिए शैक्षिक समन्वयक लखन लाल कश्यप को शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बीआरसी भवन बम्हनीडीह में श्रीमती रत्ना थवाईत विकासखंड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह एवं विकासखंड समन्वयक बम्हनीडीह हिरेंद्र बेहार और शिक्षिका ममता जायसवाल आदि के द्वारा सम्मानित किया गया है। इसी तरह सेवानिवृत्ति सीएससी अरुण कश्यप को भी साल एवं श्री फल से सम्मानित किया गया है। लखन लाल कश्यप के सम्मानित होने पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## आपातकालीन स्थिति से निपटने दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- नगर सेना लाईन में एक दिवसीय जन जागृति प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाऐं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय छग के निर्देशानुसार नगर सेना लाईन जांजगीर में पंजीकृत सिविल डिफेन्स वालंटियर्स का तीन पाली में एक दिवसीय जन जागृति प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी सुश्री योग्यता साहू ने बताया कि इस दौरान मुख्यालय द्वारा टीओटी प्रशिक्षित अधिनायकों ने सिविल डिफेन्स की विस्तृत जानकारी दी। नागरिक सुरक्षा, हवाई हमला, प्रथमोपचार, आपातकालीन स्थिति से निपटने में इनकी क्या भूमिका रहेगी, सिविल डिफेन्स के अन्तर्गत 12 प्रकार की सेवाएँ, होमगार्ड का दायित्व, फायर सर्विस आदि फायर फायटिंग पर विस्तृत जानकारी साझा की गई। इसमें फायर ट्राएंगल, अग्नि के प्रकार, अग्निशमन फायर इस्टिंग्यूसर के उपयोग आदि विषयों पर जानकारी दी गई। अंत में फायर का मॉकड्रील किया गया। उक्त प्रशिक्षण में 331 पुरूष/महिला पंजीकृत सिविल डिफेन्स वालंटियर्स ने सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में सहायक ग्रेड-03 श्रीमती रूपाली गुप्ता, हवलदार विसंभर राठौर, नायक विवेकानंद. गोस्वामी तथा नगर सेना विभाग के कार्यालयीन स्टाफ / अग्निशमन सेवा में तैनात जवान उपस्थित रहे।



मार्क ड्रिल करते नगर सेना के जवान एवं उपस्थित अफसर।

## सांसद के निर्देश पर मिला 481 टन यूरिया खाद

**सक्ती।** सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में जिले की पहली दिशा समिति की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में सांसद ने किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से लेते हुए कहा कि खाद की कमी किसी भी हालत में किसानों को परेशान नहीं करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि यूरिया खाद की आपूर्ति तत्काल कराई जाए और किसानों तक पहुंच सुनिश्चित की जाए। सांसद के इन निर्देशों के बाद कलेक्टर अमृत विकास टोपनो ने सक्रियता दिखाते हुए अतिरिक्त कलेक्टर के एस पैंकरा को जिम्मेदारी सौंपी। उनके नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने उच्च अधिकारियों से संपर्क कर तत्काल खाद उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की। नतीजतन बहुत कम समय में ही सक्ती जिले को 10688 बोरी यानी 481 टन यूरिया खाद उपलब्ध हो गया। खाद का आबंटन सक्ती विकासखंड – 125 टन, डभरा 125 टन, बाराद्वार 241 टन है। खाद का भंडारण संबंधित गोदामों में कराया जा रहा है। हालांकि 5 सितंबर को ईद की छुट्टी होने से खाद समितियों में वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो पाई, लेकिन जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अगले ही कार्य दिवस से किसानों को खाद का वितरण शुरू कर दिया जाएगा। सांसद प्रतिनिधि संजय रामचंद्र ने बताया कि सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा था कि खेती-किसानी छत्तीसगढ़ की जीवनरेखा है, इसलिए किसानों की जरूरतों की अनदेखी किसी भी हाल में नहीं हो सकती। उनके इस स्पष्ट निर्देश का असर तुरंत दिखाई दिया और जिला प्रशासन ने किसानों को राहत दिलाने में तत्परता दिखाई। समिति के सदस्यों ने कहा कि खाद की समय पर उपलब्धता से जिले के हजारों किसानों को लाभ मिलेगा और खेती-किसानी सुचारु रूप से चल सकेगी।




शिविर में जीवन को अधिक सफल बनाने बताए जाएंगे उपाय

## तनाव, चिंता, असफलता से जूझ रहे लोगों के लिए जीवनदायी अवसर बनेगा योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

वर्तमान समय में जहां जीवन की भागदौड़, कामकाज का दबाव और व्यक्तिगत चुनौतियां हर व्यक्ति को किसी न किसी रूप में तनाव, चिंता और असफलता का अनुभव करा रही हैं, वहीं लोगों को आंतरिक शांति और आनंद की राह दिखाने के लिए समर्थगुरु धारा मैत्री संघ छत्तीसगढ़ द्वारा एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह ध्यान योग एवं सुरति योग शिविर 5 से 7 सितंबर तक जांजगीर स्थित एस.डी. पैलेस चाम्पा रोड में होगा। इस शिविर के आयोजक डॉ. के. आर. सिंह हैं।

शिविर की जानकारी आचार्य कुलदीप और आचार्या मां एकांता ने 4 सितंबर की शाम 6 बजे सत्संग एवं प्रश्नोत्तर कार्यक्रम के उपरांत प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय शिविर में प्रतिभागियों को मानसिक शांति, आत्मिक बल, आनंद और जीवन को अधिक सफल बनाने के उपाय बताए जाएंगे। क्या मिलेगा शिविर में, आचार्य कुलदीप ने कहा कि शिविर में प्रतिभागियों को ध्यान योग के माध्यम से तनावमुक्त जीवन जीने की कला सिखाई जाएगी। आधुनिक जीवनशैली में जो दबाव और असंतुलन है, उसे दूर करने के लिए प्रायोगिक अभ्यास कराए जाएंगे। परिवार, मित्रों और सहकर्मियों के साथ रिश्तों में मधुरता बनाए रखने के व्यावहारिक उपाय भी बताए जाएंगे। वहीं, आनंद का स्रोत 'आंनहद नाद' (आंकार) का अनुभव कराया जाएगा, जिससे व्यक्ति अपने भीतर की शक्ति को पहचान सकेगा। आचार्या मां एकांता ने कहा कि सुरति योग के अंतर्गत ब्रह्म नाद में लीन होने, निरंकार साधना और समाधि का गहन अनुभव कराने की तैयारी की गई है। यह साधनाएं केवल आध्यात्मिक अनुभव ही नहीं देंगी, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में व्यक्ति को मजबूत बनाएंगी। हर वर्ग के लिए उपयोगीउन्होंने स्पष्ट किया कि यह शिविर केवल आध्यात्मिक साधना तक सीमित नहीं रहेगा। किसान, नौकरीपेशा लोग, महिलाएं और युवा सभी के लिए यह समान रूप से लाभकारी होगा। आज के समय में जहां नौकरी की अनिश्चितता, पढ़ाई का दबाव, पारिवारिक जिम्मेदारियाँ और सामाजिक चुनौतियां हर व्यक्ति को मानसिक रूप से प्रभावित कर रही हैं, ऐसे में यह शिविर नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करेगा। आचार्य द्वय ने कहा कि यदि व्यक्ति स्वयं को तनाव और चिंता से मुक्त करना सीख लेता है, तो वह न केवल अपना जीवन बेहतर बना सकता है बल्कि समाज में भी सकारात्मक योगदान दे सकता है। यही कारण है कि यह शिविर केवल व्यक्तिगत राहत का माध्यम नहीं होगा, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी सूत्रधार बनेगा।



प्रेसवार्ता में जानकारी देते आचार्य कुलदीप और आचार्य मां एकांता।

